के. एन. व्यास
K. N. Vyas

भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

प्रिय साथियो,

आप सभी को हिंदी दिवस (14 सितंबर, 2021) की हार्दिक शुभकामनाएं !

इस वर्ष हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। हमारा विभाग आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत कई क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कोविडजन्य परिस्थितियों का सामना करते हुए भी हमने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह सफलता से किया है।

परमाणु ऊर्जा विभाग अपने अन्य दायित्वों के साथ-साथ राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति भी पूर्णतः समर्पित है। यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारे सभी संस्थानों के प्रधान अपने इस दायित्व का निर्वाह प्रभावी तरीके से कर रहे हैं। अपने प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ, वैज्ञानिक और तकनीकी कार्यों में भी राजभाषा हिंदी का प्रयोग कर रहे हैं। हमें इसी उत्साह और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना है और राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

राजभाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल करते समय हमें ध्यान रखना चाहिए कि यह एक जनभाषा है और सरलता और सहजता ही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। अपनी राजभाषा में भी हमें इसी सरलता और सहजता को लाने का प्रयास करना चाहिए। यह तभी संभव है जब हम मूल रूप से हिंदी में काम करें। हिंदी संवाद की भाषा है इसे मात्र अनुवाद की भाषा बनाए रखना इसकी क्षमता के साथ अन्याय होगा।

इस अवसर पर मैं अपने सभी वरिष्ठ साथियों से अनुरोध करता हूँ कि वे स्वयं हिंदी में काम करें और अनुकरणीय उदाहरण बन कर अपने साथियों को प्रोत्साहित करें। एक सकारात्मक वातावरण तैयार करें जहाँ प्रत्येक कर्मचारी हिंदी में काम करने में गर्व महसूस कर सके।

मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर अपने समन्वित प्रयासों से राजभाषा संबंधी लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर सकेंगे।

एक बार पुनः हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

जय हिंद, जय हिंदी !

कमलेश व्यास.

(के.एन. व्यास)

मुंबई
14 सितंबर, 2021

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
प ऊ वि
DAE
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in